तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 17 अगस्त 2026

13 टुण्डरा नगर में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस


14 साइबर अपराध के खिलाफ जंग, पुलिस ने...




## खबर संक्षेप

### लोहिया नगर में नेता प्रतिपक्ष ने फहराया तिरंगा



**बलौदाबाजार।** नगर पालिका परिषद के वार्ड 17 अंतर्गत लोहिया नगर में ध्वजारोहण में पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने राष्ट्रध्वज फहराकर सलामी दी। इसके बाद उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाकर देश के वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के साथ देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने वार्ड, नगर और देश के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाने के साथ आपसी भाईचारा, सद्भाव एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम में लोहिया नगर के नागरिक, युवा एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### बर्तन व्यापारी संघ ने किया अमित कुमार का सम्मान



**भाटापारा।** स्वतंत्रता दिवस पर बर्तन व्यापारी संघ बिलासपुर द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में भाटापारा के अमित कुमार का सम्मान किया गया। अमित कुमार को संघर्ष, प्रेरणादायक कहानियों, नामचीन हस्तियों की जीवनी, बायोग्राफी एवं डॉक्यूमेंट्री वीडियो तथा पारिवारिक एवं सामाजिक संदेश देने वाली शॉर्ट फिल्मों के निर्माण और मीडिया के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी विष्णु बडारिया एवं कार्यक्रम के एंकर रामेश्वर अग्रवाल द्वारा अमित कुमार को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद अमित कुमार ने बर्तन व्यापारी संघ बिलासपुर के अध्यक्ष शांतनु शराफ, समाजसेवी विष्णु बडारिया, रामेश्वर अग्रवाल सहित संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।







### स्वतंत्रता दिवस : रेडक्रॉस सहित विभिन्न दलों ने मार्च पास्ट कर दी सलामी

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह स्थानीय पं. चक्रपाणी शुक्ल हाईस्कूल मैदान में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सुबह 9 बजे राष्ट्रध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियों और भावी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी।

ध्वजारोहण के बाद केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल, जिला पुलिस, नगर सेना, एनसीसी, स्काउट-गाइड एवं रेडक्रॉस की टुकड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट कर राष्ट्रध्वज और मुख्य अतिथि को सलामी दी। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर एवं प्रशिक्षु सूबेदार पुष्पेंद्र राज खटर्जी ने किया। समारोह के दौरान रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़कर उल्लास का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, एसपी गौरव राय, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद कुमार शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, स्काउट-गाइड प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, डीएफओ पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, नागरिक और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।





### स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के परिजनों का सम्मान

सांसद अग्रवाल ने जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों लक्ष्मी ठाकुर एवं सावित्री सोनी सहित शहीद उपनिरीक्षक युगल किशोर वर्मा, आरक्षक हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे, हीरालाल गायकवाड़, संतराम साहू, धनंजय वर्मा, संतोष ध्रुव, नरेश कुमार ध्रुव, मिथिलेश कुमार साहू, टेकराम वर्मा एवं प्रधान आरक्षक हेमलाल कौशिक के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी का हालचाल जाना। जिले के मीसाबंदियों का भी सम्मान किया गया।

### स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के परिजनों का सम्मान

सांसद अग्रवाल ने जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों लक्ष्मी ठाकुर एवं सावित्री सोनी सहित शहीद उपनिरीक्षक युगल किशोर वर्मा, आरक्षक हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे, हीरालाल गायकवाड़, संतराम साहू, धनंजय वर्मा, संतोष ध्रुव, नरेश कुमार ध्रुव, मिथिलेश कुमार साहू, टेकराम वर्मा एवं प्रधान आरक्षक हेमलाल कौशिक के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी का हालचाल जाना। जिले के मीसाबंदियों का भी सम्मान किया गया।

### मार्च पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

सीनियर मार्च पास्ट में जिला महिला पुलिस बल ने प्रथम, जिला पुरुष पुलिस बल ने द्वितीय और जिला नगर सैनिक दल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर मार्च पास्ट में स्काउट गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रथम, गाइड गुरुकुल इंग्लिश हाई स्कूल द्वितीय तथा गाइड पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाईस्कूल तृतीय रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाईस्कूल ने प्रथम, गुरुकुल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल ने द्वितीय तथा सेक्रेड हार्ट हाईस्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### 71 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

समारोह में उत्कृष्ट सेवाओं एवं शासकीय कार्यों में बेहतर प्रदर्शन के लिए करीब 71 अधिकारी-कर्मचारियों को जिला प्रशासन की ओर से प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इनमें राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पुलिस, ऊर्जा, परिवहन, जल संसाधन, महिला एवं बाल विकास, नगर सेना, पंचायत, सहकारिता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। सम्मानित होने वालों में परमानंद पैकरा, सुरेंद्र कुमार, कृष्णा कुमार, देवाशीष कुर्रे, युवराज कुर्रे, विवेक कुमार पटेल, नोहर लाल साहू, योगेश ठाकुर, संजीव साहू, रामकुमार रात्रे, गौरीशंकर वर्मा, शैलेंद्र भार्गव, रविशंकर प्रजापति, सत्यनारायण अनंत, रामशंकर कंवर, आयुष सिंह, हेमंत डडसेना, डीकेश्वर साहू, गजेंद्र कुमार पटेल, अरविंद कुमार बर्मन, डॉ. कल्याण सिंह कुरूवंशी, भारती वर्मा, अनुराधा कश्यप, प्रियंका कैवर्त, लक्ष्मी साहू, हेमंत पटेल, मेघनाथ बंजारे, राजेश चंद्राकर, विनय पटेल सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी शामिल रहे। 'हम होंगे कामयाब 2.0' से जुड़े युवाओं को भी सम्मानित किया गया।

## ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में माहेश्वरी ने किया ध्वजारोहण



**सिमगा।** स्वतंत्रता दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय, पुराना बस स्टैंड सिमगा में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। माहेश्वरी ने उपस्थित गणमान्य जनों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी और देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेत्री सुनीता यादव ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का स्वतंत्रता दिवस संदेश पढ़ा। इस आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष राजू भाटिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भागवत सोनकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया, मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन, पार्षद मो याकूब, विधायक प्रतिनिधि हिरेंद्र कोसले, कन्हैया पंजवानी, लखन देवांगन,पिंटू माली,हरी सोनकर, मो अय्यूब, मो युनुस, करन भाटिया, नूर अली,मंजू शुक्ला, लल्लू पाटकर, दाऊ यदु, ढेलू साहू, पप्पू राजपूत, संतोष पाल, डॉ साहू, अंकुश भाटिया, राज भाटिया, गुड्डू जैन, शंकर देवांगन एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर ने फहराया तिरंगा

**बलौदाबाजार।** स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रध्वज फहराया। इस दौरान उन्होंने जिलेवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।



कलेक्टर ने कहा कि देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति दी। उनका त्याग, संघर्ष और समर्पण सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्हीं के बलिदान के कारण आज देशवासी स्वतंत्र भारत में स्वाभिमान के साथ जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक आजादी तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक ▶▶ शेष पेज 13 पर

### मनोविकास केन्द्र पहुंचे कलेक्टर, बच्चों से हुए रुबरु

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा रविवार को नवीन कृषि उपज मंडी परिसर स्थित मनोविकास केंद्र पहुंचे। उन्होंने केन्द्र में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों से संवाद कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दीं। इस दौरान उन्होंने मनोविकास केंद्र में विभिन्न मानसिक विकारों से पीड़ति बच्चों को उपहार भेंट कर बच्चों का प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने सभी बच्चों से मुलकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और पढ़ाई के लिये उपयोग कर रहे विभिन्न मॉडलों के बारे में पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित बच्चों के अभिभावकों से केन्द्र के उपचार से लाभ के बारे मे जानकारी ली। अभिभावकों ने मनोविकास केंद्र को बच्चों के इलाज और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि केन्द्र में आकर बच्चों को बहुत लाभ मिल रहा है। कलेक्टर ने केंद्र के एडमिन कक्ष, बच्चों के कक्ष, फिजियोथेरेपी रूम, ऑडियोमेट्री रूम सहित बैठक हाल का जायजा लिया। इस अवसर पर बच्चों ने योगा के साथ ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर अपने हुनर का परिचय दिया। बताया गया कि वर्तमान में लगभग 40 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे केंद्र में दाखिला लिये हैं । इन बच्चों को पढ़ाने के लिए 3 स्पेशल एजुकेटर, फिजियो थिरेपिस्ट और ऑडियो मेट्रियोलॉजिस्ट और योगा प्रशिक्षक हैं।



## विधायक इन्द्र साव ने जय स्तंभ चौक पर फहराया तिरंगा



**भाटापारा।** स्वतंत्रता दिवस पर नगर के जय स्तंभ चौक में विधायक इन्द्र साव ने राष्ट्रगान की धुन और भारत माता के गगनभेदी नारों के साथ तिरंगा फहराया गया। तत्पश्चात अनुविभागीय अधिकारी श्यामा पटेल सहित विकासखंड के सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचरियों ने विधायक इन्द्र साव का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने आगे कहा आज पूरा देश आजादी का जश्न मना रहा है, आजादी सिर्फ अधिकार नहीं, हमारी जिम्मेदारी भी है। यह आजादी हमारे पूर्वजों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरोहर है। इसे संभाल कर रखना, अक्षुण बनाएं रखना हम सबका पहला कर्तव्य है, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर ईश्वर सिंह ठाकुर, सतीश अग्रवाल, रमेश यदु, गणेश ध्रुव, चन्द्रशेखर चक्रधारी, ब्लॉक अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, रोशन हबलानी, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक, छात्र-छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित थे।

### सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदान किए प्रशस्ति पत्र

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जिला पुलिस के 11 जांबाज सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वतंत्रता दिवस पर जिला पुलिस के 11 अधिकारी-कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने ध्वजारोहण एवं परेड की सलामी के बाद पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के मार्गदर्शन में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, जनसुरक्षा, साइबर तकनीकी अनुसंधान, यातायात प्रबंधन एवं अपराध विवेचना में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इन पुलिसकर्मियों का चयन किया गया।





सम्मानित होने वालों में निरीक्षक हेमंत पटेल भाटापारा ग्रामीण थाना को लूट के खतरनाक एवं अंतरराज्यीय अपराधियों की गिरफ्तारी में साहसिक प्रदर्शन, सहायक उप निरीक्षक मेघनाथ बंजारे रक्षित केंद्र को उत्कृष्ट कार्य प्रबंधन, प्रधान आरक्षक राजेश चंद्राकर पलारी थाना को प्रभावी अपराध विवेचना तथा आरक्षक राजकुमार ध्रुव कसडोल थाना को सौंपे गए कार्यों का तत्परता से निराकरण करने के लिए सम्मानित किया गया।

इसी तरह आरक्षक विनय पटेल जिला विशेष शाखा को प्रभावी आसूचना संकलन, आरक्षक त्रिलोकी नाथ वर्मा भाटापारा ग्रामीण थाना को स्थायी वारंट तामील, आरक्षक राजकुमार ध्रुव एसपी कार्यालय को उत्कृष्ट कार्य प्रबंधन, आरक्षक शंकर पैकरा लवन थाना को सीसीटीएनएस में प्रभावी कार्य तथा आरक्षक गुमान जायसवाल सिटी कोतवाली बलौदाबाजार को अनुशासन के लिए सम्मानित किया गया। आरक्षक मोहन मेश्राम साइबर सेल को अपराधियों की पहचान एवं धरपकड़ में तकनीकी दक्षता और आरक्षक देवेंद्र पुरैना यातायात बल को यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया।

# गणेशोत्सव की बैठक में जानलेवा हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा हिंसा कारित करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के तहत थाना पलारी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ग्राम छेरकापुर में आपसी विवाद के दौरान एक युवक पर लकड़ी के बत्ते से प्राणघातक हमला करने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों में चित्रकांत वर्मा 31 वर्ष, लोकेश्वर उर्फ लोकू उर्फ लोकेश वर्मा और विजय कुमार वर्मा 54 वर्ष निवासी ग्राम छेरकापुर, थाना पलारी शामिल है।

जानकारी के अनुसार वंशराम वर्मा 23 वर्ष निवासी ग्राम छेरकापुर ने थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 अगस्त की रात करीब 9.30 बजे गांव के राम सागर पारा मंदिर चौक के पास गणेश पर्व में मूर्ति बैठाने के संबंध में बैठक चल रही थी। बैठक में जोर-जोर से बात करने की बात को लेकर पास में रहने वाले चित्रकांत वर्मा, लोकेश्वर वर्मा एवं विजय वर्मा एक राय होकर आए और गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। इसी दौरान आरोपी चित्रकांत वर्मा ने जान से मारने की नीयत से हाथ में रखे लकड़ी के बत्ते से प्रार्थी के भाई लेखराम वर्मा के सिर पर घातक वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गया। बीच-बचाव करने आए प्रार्थी वंशराम वर्मा के साथ भी आरोपियों ने लकड़ी के बत्ते से मारपीट कर चोट पहुंचाई।पुलिस ने धारा 296, 351(3), 115(2), 109, 3(5) ▶▶ शेष पेज 13 पर



# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अव्यवस्थाओं पर पालकों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

शहीद वीर नारायण सिंह की भूमि सोनाखान में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कथित अव्यवस्थाओं को लेकर विद्यार्थियों के पालकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। पालकों ने विद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की जांच कराने और व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार की मांग की है। इसी मांग को लेकर पालकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने 13 अगस्त को अपर कलेक्टर, बलौदाबाजार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्रावास, स्वच्छता, पेयजल, विद्यार्थियों को मिलने वाली आवश्यक सामग्री सहित कई बिंदुओं पर शिकायत दर्ज कराई गई है।

## कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, जांच दल गठित कर कार्रवाई और व्यवस्था सुधारने की मांग

### जानकारी सार्वजनिक नहीं करने का आरोप

पालकों ने विद्यालय प्रबंधन पर सामान्य जानकारियों को भी सार्वजनिक नहीं करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विद्यालय में निर्देश पटल और सूचना पटल का अभाव है। साथ ही विद्यालय की वेबसाइट पर भी आवश्यक जानकारियां नियमित रूप से उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।



### कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर भी शिकायत

ज्ञापन में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों, भोजनालय कर्मचारियों और चपरासियों के व्यवहार को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। पालकों का आरोप है कि कुछ कर्मचारियों का व्यवहार असंवेदनशील और अशिष्ट है, जिससे पालकों के साथ-साथ शिक्षक भी परेशान हैं।

### जेईई कक्षाएं नियमित नहीं होने का आरोप

पालकों का आरोप है कि विद्यालय में जेईई की कक्षाएं नियमित रूप से संचालित नहीं हो रही हैं। वहीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम भी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहे हैं। पालकों का कहना है कि विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था कमजोर होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### हॉस्टल की व्यवस्थाओं पर भी सवाल

ज्ञापन में छात्रावास और विद्यालय भवन की साफ-सफाई को लेकर भी शिकायत की गई है। पालकों के अनुसार परिसर में अस्वच्छता, पेयजल की कमी और शौचालयों की दयनीय स्थिति जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। इसके अलावा विद्यार्थियों को अब तक पूर्ण स्कूल ड्रेस, हाउस ड्रेस, स्पोर्ट्स किट, बेडिंग सामग्री, गद्दा, तकिया और चादर उपलब्ध नहीं कराए जाने का आरोप भी लगाया गया है। पालकों का कहना है कि पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण कुछ बच्चों को एक ही बेड पर दो-दो विद्यार्थियों के सोने की स्थिति बन रही है।

## खबर संक्षेप

### शहर में पिंक टॉयलेट की मांग, चेंबर ने सौंपा ज्ञापन

**बलौदाबाजार।** शहर के प्रमुख बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुविधा के लिए पिंक टॉयलेट निर्माण की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज बलौदाबाजार ने पहल की है। चेंबर अध्यक्ष लक्ष्मी साहू के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने स्थानीय रेस्ट हाउस में सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन को ज्ञापन सौंपकर शहर के विभिन्न स्थानों पर पिंक टॉयलेट निर्माण की मांग रखी। ज्ञापन में चेंबर ने चार स्थानों को पिंक टॉयलेट के लिए उपयुक्त बताया है। इनमें पुराना नगर पालिका भवन परिसर, शीतल किराना के पीछे फेकन होटल की खाली जगह, मंडी चौक में संतोष वेल्डिंग के बाजू नाली किनारे की जगह तथा पोस्ट ऑफिस के पास ढोर अस्पताल क्षेत्र शामिल हैं। चेंबर सदस्य मुरारी साहू ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल को शहर में खरीदारी के लिए आने वाली महिला व्यापारियों, ग्राहकों एवं राहगीर महिलाओं को सार्वजनिक शौचालय की सुविधा नहीं मिलने से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने कलेक्टर एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन को समस्या के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष लक्ष्मी साहू के साथ हेमचंद केशरवानी, मुरारी साहू, महेन्द्र सलूजा, उमेश अग्रवाल, कैलाश साहू, संजय पटेल सहित चेंबर के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। चेंबर पदाधिकारियों ने महिलाओं की सुविधा से जुड़ी मांग पर त्वरित पहल और राशि की घोषणा के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया।

### तीन लोगों के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम परगला में एक व्यक्ति द्वारा तीन लोगों के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम परगला के अलेखराम ओगरे के साथ 14 अगस्त को गांव के ही मनोज ओगरे ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आए प्रार्थी के पिता खेमानिधि ओगरे और मां कुमारी बाई के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पिकअप की टक्कर से अधेड़ की मौत

**महासमुंद।** ग्राम बोंदा में एक अधेड़ व्यक्ति की पिकअप वाहन की टक्कर से मौत हो गई। मामले को लेकर सरायपाली थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मर्ग क्रमांक 56/26 धारा 194 बीएनएसएस के मृतक रमेश बिसी पिता साहनी बिसी (56 साल) ग्राम बोंदा की मर्ग जांच किया। जांच के दौरान पाया गया कि मृतक रमेश बिसी 14 अगस्त को ग्राम बोंदा में च्वाईस सेंटर से शाम 07 बजे अपने घर पैदल जा रहा था, इसी दौरान सरायपाली की ओर से आ रही पिकअप क्रमांक सीजी 06 जीवाय 1941 के चालक वाहन द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर रमेश को पीछे से ठोकर मारकर घायल कर दिया। जिसे डायल 112 वाहन से शासकीय अस्पताल सरायपाली लाया गया था जहां डाक्टर द्वारा चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूदध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## पर्व : जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में झूलेलाल मंदिर से निकाली मौन यात्रा

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा








देश के विभाजन की ऐतिहासिक त्रासदी और 14 अगस्त 1947 के दौर में लाखों लोगों द्वारा झेली गई असहनीय पीड़ा को स्मरण करते हुए नगर के झूलेलाल हॉल में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आयोजित किया गया। भाजपा की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग एवं अंजय शुक्ला ने किया। इसके बाद वंदे मातरम् एवं राज्यगीत अरपा पैरी के धार का सामूहिक गायन हुआ।

कार्यक्रम में विभाजन के दौरान हुए घटनाक्रम, संघर्ष, विस्थापन और लोगों की पीड़ा को दर्शाती प्रदर्शनी भी लगाई गई। अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उन लाखों लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने देश के विभाजन के दौरान अपना घर, परिवार, संपत्ति और जीवन तक खो दिया था।

धरमलाल कौशिक ने बताया कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। 14 अगस्त 2021 को गृह मंत्रालय की ओर से जारी गजट में कहा गया था कि विभाजन के दौरान लोगों द्वारा झेली गई यातना और वेदना को वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों के स्मरण में बनाए रखने के लिए 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में घोषित किया गया है।

### धरमलाल कौशिक ने कांग्रेस पर साधा निशाना

विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने 1947 के विभाजन में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कांग्रेस पर देश के विभाजन के लिए जिम्मेदार नीतियों का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाजन भारतीय इतिहास का एक दुखद अध्याय है। उन्होंने कहा कि आज का दिन उन लोगों की पीड़ा को याद करने और उनके प्रति संवेदना व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने बंटवारे का असहनीय दर्द झेला।



कार्यक्रम को अंजय शुक्ला ने भी संबोधित किया। उन्होंने विभाजन की त्रासदी को याद करते हुए राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के बाद झूलेलाल मंदिर से धरमलाल कौशिक और भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग के नेतृत्व में मौन यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा संत कंवर राम चौक पहुंचकर समाप्त हुई।

यात्रा में रायपुर जिला महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष अरविंद ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, महेश अग्रवाल, चंद्र कुमार पाटिल, दीपक शर्मा, राम पंजवानी, लक्ष्मीचंद नागवानी, सुमन गोस्वामी, रिंकू अग्रवाल, रानी, सौरभ जैन, तेजराम वर्मा, शोभित वर्मा, भागबली साहू, सुरेश वर्मा, जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा, जिला पंचायत सभापति शैल महेंद्र साहू, महेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विभाजन केवल जमीन का बंटवारा नहीं, परिवारों और भावनाओं की त्रासदी

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग ने कहा कि विभाजन केवल भू-भाग का बंटवारा नहीं था, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं, संस्कृतियों और परिवारों के टूटने की ऐसी त्रासदी थी, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि विभाजन का इतिहास वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और अखंडता के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है।

# राष्ट्रहित और देश के विकास में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



स्वतंत्रता दिवस पर नगर पालिका परिषद कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर क्रांतिकारियों और अमर शहीदों को नमन किया।

ध्वजारोहण से पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन ने भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ भारत माता की जय तथा वंदे मातरम् के जयघोष से वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। अध्यक्ष ने स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से राष्ट्रहित और देश के विकास में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों ने सभापति, पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सभापति हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, कन्हैया सेन, आदित्य गुप्ता, सतीश पटेल, सलमान शेख, लोकेश चेलक, अंजनी गोविंद पात्रे, ममता सुभाष राव, रेखा पोषण पटेल, श्रद्धा मनीष वर्मा, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, मंजू फेकर, नामांकित पार्षद दिनेश वर्मा, अनामिका अग्रवाल, ताराचंद कन्नौजे सहित अन्य पार्षद एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इसके अलावा वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक डीपी जैन, ब्राह्मण समाज के सचिव सुशील तिवारी, एसएम पाध्ये, भाजपा नेता योगेश अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला, पूर्व पार्षद पोषण पटेल, रवि फेकर, मनीष वर्मा, रविंद्र नामदेव, राहुल सोनी, पूर्व एल्डरमैन अक्षर अग्रवाल, मुरारी साहू, वासु ठाकुर, कृष्णा सेन, निर्मल वर्मा, महेंद्र जैन सहित नगरवासी एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# अटलजी के विचार राष्ट्रसेवा की प्रेरणा : टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा की ओर से शहर के अटल चौक और भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने अटलजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

अटल चौक पर आयोजित कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पहार अर्पित किया गया। इससे पहले भाजपा जिला कार्यालय में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम में मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने सदैव दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने देश की एकता, अखंडता, विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उनके असाधारण योगदान के लिए देश ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि अटल जी केवल राजनेता ही नहीं, बल्कि महान विचारक, कुशल वक्ता, संवेदनशील कवि और सच्चे राष्ट्रभक्त थे। उनके व्यक्तित्व में लोकतांत्रिक मर्यादाओं, सरलता और विरोधियों के प्रति सम्मान की भावना स्पष्ट दिखाई देती थी। उन्होंने राजनीति को सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा और राष्ट्र निर्माण का साधन माना।

मंत्री वर्मा ने कहा कि अटल जी के विचार और उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। उनके बताए मार्ग पर चलकर मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दिया जा सकता है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, कृष्णा अवस्थी, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, योगेश अग्रवाल, नीलम सोनी, दिनेश वर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## महिला कांवड़ यात्रा समिति ने सिद्धेश्वर शिव मंदिर में किया जलाभिषेक

# बोलबम के जयकारों के साथ निकाली जल कांवड़ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर में रविवार को महिला कांवड़ यात्रा समिति के तत्वाधान में एक भव्य एवं ऐतिहासिक जल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। सिमगा में पहली बार नागरिकों के सहयोग से आयोजित इस ऐतिहासिक यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने पीले वस्त्र धारण कर भक्ति भाव से हिस्सा लिया। यात्रा का शुभारंभ रामनगर टिहुपारा कोस्टा तालाब स्थित शिव मंदिर में जल अभिमंत्रित कर किया गया। इसके बाद बोल बम और हर-हर महादेव के गूंजते जयकारों के साथ कांवड़ में जल भरकर महिलाएं नगर के समस्त वार्डों के भ्रमण पर निकलीं।

रामनगर टिहुपारा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर कांवड़ यात्रा जय स्तंभ चौक, सदर बाजार और सोनकर पारा होते हुए शिवनाथ नदी तट स्थित प्रसिद्ध सिद्धेश्वर शिव मंदिर पहुंची। वहां शिव भक्तों ने विधिवत जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। यात्रा का समापन एक विशाल भंडारे के साथ हुआ।

शिव मंदिर अध्यक्ष रोहित देवांगन ने बताया कि नगर में पहली बार इस प्रकार की महिला कांवड़ यात्रा का आयोजन इतने बड़े पैमाने पर किया गया है, जो नागरिकों के अभूतपूर्व सहयोग से ऐतिहासिक सिद्ध हुआ। इस अवसर पर महिला कांवड़ यात्रा समिति की अध्यक्ष प्रमिला गुप्ता, उपाध्यक्ष सरोज देवांगन, सचिव रुक्मणी साहू, कोषाध्यक्ष गौरी शर्मा, व्यवस्था प्रमुख सुनीता यादव, संगठन प्रमुख शारदा भोसले, सहसचिव रजनी दुबे, संयोजक स्वर्णा शर्मा, मीडिया प्रभारी राखी भोसले, प्रचार-प्रसार प्रमुख रीता पांडे, सलाहकार मनीषा सलूजा, प्रियंका तिवारी, संरक्षक वंदना इंगोले, रोहित देवांगन, मनीष गुप्ता, परमेश्वर देवांगन, माया सलूजा, अनूप तिवारी सहित बड़ी संख्या में नगर के शिव भक्त उपस्थित थे।

### कांवरियों का जत्था खरौद के लिए निकला

**सेल।** तीसरे रविवार को दर्जनों कांवरियों का जत्था बाबा भोलेनाथ का जयकारे लगाते हुए खरौद के लिए रवाना हुआ। 17 अगस्त को शिववालयों में हरहर महादेव का उदघोष होगा। जगह जगह शिवभक्तों का खीर पूरी का प्रसाद वितरण कर स्वागत किया जायेगा। जांजगीर चांपा जिला में खरौद और नवागढ़ प्रसिद्ध हो गया हैं। भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग में जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया जाएगा। चार रविवार और चार सोमवार पड़ेगा। 27 अगस्त को महा शिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। कांवरियों वाले ने बारिश में भीगते हुए बोलबम रवाना हुए हैं। नंगे पांव चल रे कांवरियां शिव के धाम नगर पंचायत खरौद में लक्ष्मेश्वर महादेव के शिवलिंग में 17 अगस्त को जलाभिषेक किया जाएगा, जिसमें फूल बेल पत्र इत्यादि चढ़ाया जाएगा। इस मौके पर प्रदीप पटेल, हितेश कुमार साहू, पप्पू पटेल, डाकेश कुमार साहू, घनश्याम साहू, दीनू साहू, रमेश कुमार साहू, रोशन साहू, प्रह्लाद साहू, महेंद्र साहू, दीपांशु पटेल, तुषार पटेल, धनेश्वर पटेल, डामेश्वर साहू, लोकेश कुमार साहू, हुमेश कुमार, वेदप्रकाश साहू लाहौद से जलभरकर निकले वाले शिवभक्तगढ़ जिसमें डोंगरीडीह से जलभरकर रवाना हुए हैं। लाहौद से कांवरियां दुर्गेश कुमार पटेल, विरेंद्र कुमार मानिकपुरी, संतोष दास मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



## खबर संक्षेप





### कनकी में विकासखंड स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

**खरोरा**। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी में विकासखंड स्तरीय 14,17,19 वर्ष बालक/बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कनकी स्कूल के सभी शिक्षक सरला दीवान, सविता उष्या, रामजी निषाद, वीणा ठाकुर, अगनुदास टंडन, पीताम्बर लाल वर्मा, श्वेता त्रिपाठी, अंजू मरकाम, विजयलक्ष्मी वर्मा, अशोक कोशले, सत्यम सिंह और विभिन्न विकासखंड से आये व्यायाम शिक्षक, कोच, मैनेजर उपस्थित रहे इस प्रतियोगिता का आयोजन कनकी स्कूल के व्यायाम शिक्षक पुष्कर साहू के संयोजन में संपन्न कराया गया। इस प्रतियोगिता में तिल्दा ब्लॉक के विभिन्न स्कूल खरोरा, बंगोली, गनियारी, टोहड़ा, खपरीकला, सरारीडीह, खम्हरिया,और कनकी के कुल 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया इस एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतर्गत रनिंग जंपिंग थ्रोइंग के लगभग 24 इवेंट्स का आयोजन हुआ चयनित खिलाड़ी 21 अगस्त को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर जाएंगे।

## निधन

### जोगनी बाई वर्मा

**मुंडा**। ग्राम कोलिहा निवासी



जोगनी बाई वर्मा 74 वर्ष का 16 अगस्त को निधन हो गया। वह नारायण प्रसाद वर्मा की पत्नी व चंद्रेश वर्मा के माता व त्रिभुवन शिव शंकर वर्मा के दादी मां थी। उनकी अंतिम संस्कार गांव के बड़े तालाब में किया गया। जहां गांव और समाज के लोग भारी संख्या में शामिल हुए।

### मनियारा बाई साहू

लवन। ग्राम पंचायत अहिल्दा



निवासी मनियारा बाई साहू की निधन हो गया। वह अपने पीछे परिवार में पति फिरत राम साहू, पुत्र शिव साहू, संजय साहू, रामकुमार साहू, पुत्र वधु भारती साहू, सावित्री साहू, सरिता साहू और नातिन, नाती छोड़ गई, जिसकी दशगात्र आज है।

## पेज 11 के शेष

### गणेश आयोजन की ...

बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। गंभीर रूप से घायल लेखराम वर्मा को प्राथमिक उपचार के बाद, निजी अस्पताल बलौदाबाजार में भर्ती कराया गया, जहां वे आईसीयू में उपचाराधीन हैं। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया।

### संयुक्त जिला कार्यालय

जीवन जीने और आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का लाभ मिलने का अवसर सुनिश्चित करना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। शासन-प्रशासन का दायित्व है कि विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।कलेक्टर ने शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों से नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने और उनके प्रकरणों एवं शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनसेवा की भावना और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए प्रशासन को नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना चाहिए। उन्होंने जिले में भाईचारा, सामाजिक सौहार्द, आपसी एकता एवं सद्भाव का वातावरण बनाए रखने की कामना की तथा सभी जिलावासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, ए.आर. टंडन, निशा नेताम मड़ावी, सीमा ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पर्व : कलेक्टर कुलदीप शर्मा की कप्तानी में प्रशासन एकादश बनी विजेता

# स्वतंत्रता दिवस पर सद्भावना मैच का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



स्वतंत्रता दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। पंडित चक्रपाणि शुक्ल हाई स्कूल मैदान में आयोजित सद्भावना क्रिकेट मैच में प्रशासन एकादश और पत्रकार इलेवन की टीम ने भाग लिया। मैच में दोनों टीमों ने खेल भावना का परिचय देते हुए अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें प्रशासन एकादश क्री टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बनी। विजेता टीम के कप्तान कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं उप विजेता टीम के कप्तान प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी क्रो ट्रॉफी प्रदान किया गया।

टॉस जीत कर पत्रकार इलेवन क्री टीम ने पहले बल्लेबाजी चुना और निर्धारित 8 ओवर में 3 विकेट खोकर 123 रन बनाए ।124 रन के लक्ष्य क्रा पीछा करते हुए प्रशासन एकादश क्री मजबूत टीम ने 7 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया । इस तरह से प्रशासन एकादश 7 विकेट से विजयी हुआ। बैटिंग और बॉलिंग में बेहतर प्रदर्शन करने पर प्रशासन एकादश से प्रेम निषाद को ऑलराउंडर, बेस्ट फिल्डर आशीष तिवारी, बेस्ट बैट्समैन के लिए पत्रकार इलेवन से खिलेश्वर जायसवाल एवं बेस्ट बॉलर के लिये दिलीप माहेश्वरी को ट्रॉफी प्रदान किया गया इस अवसर पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर सद्भावना मैच का आयोजन अच्छी पहल है जिसमें प्रशासन और नागरिकों मे मेल-मिलाप बढ़ता है और एक दूसरे क्रो जानने का भी मौका मिलता है। इस बार बॉलिंग मे एक खिलाडी एक ओवर नियम से सभी को बॉलिंग का मौका मिला। खेल में हार - जीत होता ही है, दोनों टीम के खिलाड़ियों ने टीम भावना के साथ उत्साह के साथ खेला।

## टुण्डरा नगर में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस





**गिधौरी**। नगर टुण्डरा में 15 अगस्त धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम तहसील कार्यालय में 7.30 को तहसीलदार युवराज कुर्रे, प्रशिक्षु नायब तहसीलदार सुश्री स्तुति गुप्ता, वरिष्ठ पटवारी कृषण कुमार मिरी, होलिका कैवर्त्य सहित अधीनस्थ सभी स्टाफ सहित नगर के गणमान्य नागरिक शामिल रहे। तत्पश्चात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, जिला सहकारी बैंक, ग्रामीण बैंक, नगर पंचायत सरस्वती शिशु मंदिर, अम्बेडकर चौंक, गांधी मोहल्ला, लक्ष्मी वस्त्रालय, टिकरापारा, सभी प्राथमिक शालाएं,नगर के समस्त निजी विद्यालय ज्ञान अमृत हाईस्कूल,डा अब्दुल कलाम पब्लिक स्कूल, आक्सफोर्ड इंग्लिश स्कूल आदि में बैंड की धुन के साथ प्रभात फेरी एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ हर्षोल्लास सहित स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

नगर अध्यक्ष छतराम साहू ने हाईस्कूल एवं नगर पंचायत कार्यालय में झंडा फहराया। सहकारी समिति में अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, जिला सहकारी बैंक में शाखा प्रबंधक रामदयाल ध्रुव, अम्बेडकर चौक में प्रशिक्षु नायब तहसीलदार सुश्री स्तुति गुप्ता एवं पार्षद महेन्द्र बारले सहित संस्था प्रमुखों ने अपने प्रतिष्ठानों में झंडा फहराये। राष्टीय पर्व पर देशवासियों को नगर अध्यक्ष छतराम साहू, विधायक राजमहंत पी के घृतलहरे, विधायक प्रतिनिधि मोतीराम साहू, सतीश साहू, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष रविशंकर बंजारे, जगन्नाथ केशरवानी, सुभाष साहू, शिवदास मानिकपुरी, रामकुमार पटेल, आजू देवांगन, रामा साहू, गोंटीलाल कैवरत्य, सत्यनारायण पटेल पार्षद, दामोदर कर्ष, रमाकांत साहू, बाबूलाल यादव, रामभरोष साहू, लतिश साहू, भानूप्रताप घृतलहरे, भानू पटेल, विश्राम दास साहेब, खोलबहरा बर्मन, युधिष्ठिर बंजारे, कुमार बारले सहित सभी पार्षदों एवं एलडर मेन मौजूद थे।

## विधायक अनुज शर्मा ने फहराया तिरंगा अटल टिंकरिंग लैब का किया लोकार्पण



खरोरा। पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। समारोह की अध्यक्षता अरविंद देवांगन ने की, जबकि नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, सोना वर्मा, संतोष गांगुली और धनंजय शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विद्यालय के एनएसएस, स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर और अन्य दलों ने अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत कर अतिथियों को सलामी दी। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने विद्यालय में 'संस्कृति एवं कला कक्ष' तथा 'अटल टिंकरिंग लैब' का फीता काटकर शुभारंभ किया।मुख्य अतिथि अनुज शर्मा ने अनेकता में एकता का संदेश दिया और विद्यार्थियों को राष्ट्रनिर्माण का आधार बताया। उन्होंने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। धरसींवा विधानसभा क्षेत्र की मेरिट सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई का आवश्यक खर्च वहन करने की घोषणा। सत्र 2025-26 की राज्य प्रावीण्य सूची में 5वां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा हेमलता साहू (नहरडीह) के अध्ययन-अध्यापन का पूरा खर्च उठाने का निर्णय। विद्यालय का 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहने पर प्राचार्य को 10,000 की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा। 10वीं व 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मेडल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।समारोह में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक देशभक्ति गीत, नृत्य और भाषण प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विभिन्न दानदाताओं—ईश्वरी प्रसाद देवांगन, रश्मि वर्मा, सेवानिवृत्त व्याख्याता हरीश देवांगन एवं जितेंद्र पटेल द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को नकद स्मृति पुरस्कार प्रदान किए गए। स्वागत भाषण शाला प्राचार्य रजनी मिंज ने दिया तथा आभार प्रदर्शन सेवानिवृत्त व्याख्याता डोमार सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, अभिभावक और पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## स्वतंत्रता दिवस पर छात्रों ने दी देशभक्ति की प्रस्तुति





**लवन**। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी में ध्वजारोहण शाला विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर प्रसाद वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान जयकारे लगाए गये एवं बच्चों द्वारा राजकीय गीत राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम् गीत का गायन किया गया। बच्चों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति गीत कविता भाषण नृत्य पहाड़ा एवं शिक्षाप्रद नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का मन मोह लिया, जिससे आकर्षित होकर गांव के गणमान्य नागरिक मनीराम सागर एवं दयाराम वर्मा परागा बाई वर्मा द्वारा प्रत्येक प्रतिभागी टीम को सम्मान स्वरूप राशि भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा बच्चों के उत्साह वर्धन हेतू प्रतिभागी बच्चों को पेन कॉपी कंपास बॉक्स बाटल एवं मिठाई भेंटकर कर सम्मानित किया गया। साथ ही स्व. सीताराम वर्मा की स्मृति में उनकी धर्म पत्नी दूजबाई वर्मा द्वारा गत वर्ष कक्षा 5वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों जिनमें कुमकुम वर्मा डानेश्वरी वर्मा एवं 8वीं से भुनेश्वर वर्मा द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान स्वरूप राशि भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया गया।

साथ ही शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी के छात्र पुष्पेंद्र वर्मा कक्षा 7वी द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में लवन तहसील अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के सरपंच लुकेश्वर वर्मा, उपसरपंच यशवंत वर्मा, सचिव जितेन्द्र कुमार जायसवाल, रोजगार सहायक हेमलाल वर्मा, पंच जानकी वर्मा, गणमान्य नागरिक नोखराम वर्मा, गणेश वर्मा, मनराखन वर्मा, किशन वर्मा, संतोष वर्मा, पालकों में हरीश वर्मा, संजय टंडन, रामेश्वर सोनवानी, भीमराम बंजारे, दिलीप वर्मा, मोहन वर्मा, टिकेश बंजारे, विजय वर्मा, नरेश कुमार साहू, थनवार साहू, बृजनंदन वर्मा, प्रधानपाठक चूड़ामणि वर्मा, संतोष कुमार पैकरा, संकुल समन्वयक समारू दास बांधे, शिक्षकों में लोमश कुमार कोसरे, विनोद कुमार पटेल, नरेन्द्र कुमार साहू, सुकृता सेन, सुनीता ध्रुव, ज्यामिति यदु , हुलसी वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा एवं शाला के समस्त बच्चे ग्रामवासी एवं रसोईया उपस्थित थे।



## पोहा उद्योग भवन में स्वतंत्रता दिवस

भाटापारा। पोहा उद्योग भवन में स्वतंत्रता दिवस पर डा.वासुदेव ठाकुर,नारायणदास निहलानी,मुखी अनिल गिदवानी, मुखी सच्चानन्द थदवानी, रंजीत दावानी, सेवलदास मंधानी ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर सुरेश दावानी रामचंद सचदेव, इंदरलाल थारानी, अनिल रोचलानी, नंदलाल हबलानी, भीषम गुरयानी, रामचंद सचदेव, लक्ष्मण थारानी, निर्मल दावानी, रहेंदामल गेहानी, श्रीचंद छाबड़िया, राजेश छाबड़िया, वासुदेव बालानी, मुकेश थारानी, महेश किंगरानी आदि मौजूद थे।सुनील पारप्याणी, कमलेश कुकरेजा, राकेश ईदवानी, योगेश मंधानी, परमानंद केसवानी, सुभाष जैन, किशनचंद अग्रवाल, परमानंद केसवानी, जयराम काछेला एवं कमेटी एवं कार्यकारिणी सदस्य, नरेश आर्य, राकेश मंधानी, संजय सबलानी, हरीश निहलानी, अनिल किंगरानी, गुरमुख गंगवानी, दरवेश हबलानी, नरेंद्र पुंशी, अविनाश थारानी, राजेश थारानी, विक्रम सबलानी आदि मौजूद थे।

## पेंशनधारी कल्याण संघ ने फहराया तिरंगा



भाटापारा। स्वाधीनता दिवस पर छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के रमेश कुमार वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल के मार्गदर्शन में वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान का समवेत स्वरों में गायन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस पर मेधावी छात्रों को दी प्रोत्साहन राशि



**खरोरा**। पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला छड़िया में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम के प्रथम नागरिक सरपंच सरिता उगेन्द्र देवांगन ने ध्वजारोहण किया। समारोह में गांव के समाजसेवी हेमराज वर्मा द्वारा कक्षा पहली से आठवीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 301 रुपये, 201 रुपये एवं 101 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की यह पहल हेमराज वर्मा द्वारा लगातार छठवें वर्ष की जा रही है। उनकी इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ने के साथ-साथ मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर उपसरपंच मीना वर्मा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मीना धीवर, समस्त पंचगण एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर, भारती तांती, सुनीता तथा प्राथमिक विद्यालय की प्रधान पाठक शांता पठारे सहित विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल ध्वजारोहण और समारोह का अवसर नहीं, बल्कि देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करने का दिन है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां देकर वातावरण को उत्साह और राष्ट्रप्रेम से भर दिया। समारोह का समापन उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

## नेहरू और मंडी चौक में चेंबर अध्यक्ष लक्ष्मी साहू ने किया ध्वजारोहण



बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बलौदाबाजार इकाई ने स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। चेंबर अध्यक्ष लक्ष्मी साहू ने नेहरू चौक एवं मंडी चौक में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' से हुई। इसके बाद उपस्थित व्यापारियों एवं चेंबर सदस्यों ने राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' का सामूहिक गायन किया और एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ चेंबर संरक्षक हेमचंद केशरवानी ने किया। इस अवसर पर सुरेंद्र शर्मा, गोपाल केशरवानी, शिवशंकर अग्रवाल, मुरारी साहू, अभिषेक तिवारी एवं शिवम साहू ने संबोधित किया। बाल कलाकार जयनील जायसवाल एवं मोक्ष जायसवाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। चेंबर अध्यक्ष लक्ष्मी साहू ने अपने संबोधन में व्यापारियों की समस्याओं एवं व्यवसाय से जुड़े विषयों पर चर्चा की। उन्होंने चेंबर द्वारा व्यापारियों के हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। साथ ही 30 जुलाई की बैठक में लिए गए निर्णय के तहत व्यापारियों के लिए सिरपुर पिकनिक का आयोजन करने की घोषणा की। सदस्यों की सूची तैयार करने की जिम्मेदारी दिलीप केशरवानी तथा पिकनिक व्यवस्था की जिम्मेदारी उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल को सौंपी गई।

# प्रभात फेरी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने दिखाया गजब का उत्साह





**भवानीपुर**। नगर सहित अंचल के गिदपुरी, मोहान, धौराभाटा, हरीनभट्ठा, लटेरा, रिवाडीह और मलपुरी गांवों में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन पूरे अंचल में देशभक्ति का माहौल रहा और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

15 अगस्त को सुबह 7 बजे स्कूली विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकाली। वे तिरंगा लिए हुए गांव-गांव घूमे और 'भारत माता की जय' के नारे लगाते रहे। फेरी के दौरान ग्रामीण भी उनके साथ जुड़ते गए। सुबह 8 बजे विभिन्न गांवों में भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और वीर शहीदों के चित्र पर पुष्प, श्रीफल व गुलाल अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। लोगों ने शहीदों को नमन कर उनके बलिदान को याद किया।

सुबह 9 से 11 बजे तक सभी गांवों में ध्वजारोहण हुआ। भवानीपुर में सरपंच प्रेमिन बाई लहरे, गिद्धपुरी में कौशलेश साहू, मोहान में रानू ध्रुव, रिवाडीह में इंद्राणी रोहिदास, मलपुरी में खिलेश्वर धृतलहरे, लटेरा में ललिता साहू, हरीनभट्ठा में पूनम दीवान और धौराभाटा में सरस्वती साहू ने पंचायत भवन व स्कूलों में झंडा फहराया। सहकारी बैंकों में विजय कोसले व मनोहर वर्मा ने भी तिरंगा लहराया।

इसके बाद सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और कविता पाठ की प्रस्तुतियां दीं।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन | बिना इंजेक्शन | बिना टांके | बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ (MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आत्मानंद स्कूल में हुआ ध्वजारोहण

**करही बाजार।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम एवं हिंदी माध्यम स्कूल करही बाजार में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रध्वज फहराकर की गई। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाया और देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। विद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस का उत्साह और देशभक्ति का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। अंत में सभी ने देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

### प्रेस क्लब में देशभक्ति के नारे गूंजे



**बलौदाबाजार।** स्वतंत्रता दिवस पर प्रेस क्लब में ध्वजारोहण किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी ने तिरंगा फहराकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ और पूरा परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर प्रेस क्लब सदस्यों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष के साथ स्वतंत्रता दिवस का उत्साह मनाया। कार्यक्रम में दिलीप माहेश्वरी, दलजीत सिंह चावला, जयनारायण केशरवानी, शिवशंकर अग्रवाल, विमल गोविंदानी, राजेश्वर गिरी, विजय शंकर तिवारी, राघवेंद्र सिंह, मिथिलेश वर्मा, गोविंद रात्रे, राजा वालेचा, पुष्पकांत मेजर, संतोष यादव, आभास शर्मा, मोहित मरकाम, तुलसी साहू, गणेश साहू, शंकर दुलानी, शलभ बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### योग साधकों ने स्वतंत्रता दिवस मनाया



**भाटापारा।** योग नीलम परिवार द्वारा स्वतंत्रता मनाया गया। ध्वजारोहण योग शिक्षिका नीलम साहू द्वारा किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाकर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न योग क्रियाओं का सफल प्रदर्शन योग साधकों द्वारा किया गया। रविन्द्र पुरोहित, राजेश छाबड़िया, तरूण सचदेव, जम्बु कुमार जैन, मनोज ईदवानी, दीपक गुप्ता, सिद्धार्थ आर्य,हरिश जसवानी, शीला आर्य, सुधा जसवानी, सोनिया बालानी, कविता छाबड़िया, साक्षी सचदेव, बरखा छोड़ानी, अरूणा बालानी, अंजली शर्मा, जान्हवी परयानी, श्वेता अहिलानी, मुस्कान सचदेव सहित बड़ी संख्या में योग साधक, साधिकाएं उपस्थित थीं।

**आयोजन : स्वतंत्रता सेनानियों को किया गया नमन**

# शहर में जगह-जगह आन-बान शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

स्वतंत्रता दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा एवं कांग्रेसजनों की ओर से जिला मुख्यालय में विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रमों में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रध्वज फहराकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे गांधी चौक से हुई, जहां जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने ध्वजारोहण कर उपस्थित कांग्रेसजनों एवं नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सुबह 8.30 बजे अंबेडकर चौक में ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष दीपक साहू ने ध्वजारोहण किया। सुबह 8.45 बजे गार्डन चौक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन ने तिरंगा फहराकर राष्ट्रध्वज



को सलामी दी।

सुबह 9 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा, जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, जिला कोषाध्यक्ष हेमचंद केशरवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष रामचंद्र पटेल, सुखदेव साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम गिरी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।कांग्रेसजनों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। साथ ही देश की एकता, अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम का माहौल रहा। उपस्थित कांग्रेसजनों ने 'जय हिंद' और 'जय कांग्रेस' के उद्घोष के साथ एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### पंचायतों में हुआ ध्वजारोहण



**हिरमी रावन।** हिरमी अंचल के मोहरा, मुसवाडीह एवं भालेसूर सहित आसपास के गांवों में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। ग्राम पंचायत मोहरा में सरपंच तारिणी वर्मा एवं प्रतिनिधि जवाहर वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान हुआ और उपस्थित लोगों ने तिरंगे को सलामी देते हुए देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे मौजूद रहे। ग्राम पंचायत मुसवाडीह में अंजलि एवं पवन कुमार सारथी ने ध्वजारोहण किया। वहीं ग्राम पंचायत भालेसूर में नवीन वर्मा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों और बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया तथा देशभक्ति गीतों एवं नारों से वातावरण देशभक्तिमय हो गया। इसी क्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति मोहनलाल वर्मा तथा पुष्पा सुखनंदन चेलक ने भी विभिन्न स्थानों पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया।

### प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में मनाया स्वतंत्रता दिवस



**हिरमी रावन।** स्वतंत्रता दिवस पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मोहरा एवं हिरमी में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। मोहरा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में समिति अध्यक्ष खम्मन बाघमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वहीं हिरमी समिति में अध्यक्ष वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित लोगों ने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समिति प्रबंधक दीनबंधु यादव, गजेंद्र जायसवाल, लेखपाल देवदत्त वर्मा, लेखराम वर्मा, दानी यदु, देवेंद्र वर्मा, सनत वर्मा, खूबी राम नेताम, विष्णु साहू सहित समिति से जुड़े कर्मचारी एवं क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने में अनेक वीरों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उनके त्याग और बलिदान को सदैव याद रखना हम सभी का दायित्व है।

### डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस

**गोपालपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खम्हरिया में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंतराम साहू, सरपंच खमरिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य मनोज कुमार रात्रे ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता के महत्व से अवगत कराया। मुख्य अतिथि अंतराम साहू एवं विशिष्ट अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेने तथा देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत बनाने के लिए अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्साह और देशभक्ति का वातावरण बना दिया। कार्यक्रम का समापन जय हिंद एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ।



### नगर पालिका और शहर के वार्डों में फहराया गया तिरंगा

भाटापारा। स्वतंत्रता दिवस नगर में राष्ट्रभक्ति, उत्साह के बीच विभिन्न वार्डों, सामाजिक संस्थाओं एवं सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण तथा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की उपस्थिति में राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई तथा देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाटापारा नाका नंबर-1 स्थित दानवीर भामाशाह, शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे तथा महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित श्री वृंदावन कॉलोनी में ध्वजारोहण के साथ पौधारोपण किया गया। नगर पालिका में में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि देश की स्वतंत्रता असंख्य वीर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के त्याग, संघर्ष एवं बलिदान का परिणाम है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान तथा करोड़ों देशवासियों के गौरव और एकता का प्रतीक है। भाटापारा को स्वच्छ, सुंदर, हरित, सुरक्षित और विकसित नगर



बनाने के लिए नगरवासियों की सक्रिय सहभागिता के साथ निरंतर कार्य किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि नगर विकास केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। जनभागीदारी के माध्यम से भाटापारा को विकास की नई पहचान दिलाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

## तिरंगे के रंग में रंगा तिल्दा-नेवरा सहित ग्रामीण अंचल

**तिल्दा-नेवरा।** शहर सहित आसपास का पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सुबह से ही शहर के शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों, स्कूल-कॉलेजों, पुलिस थाना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बैंकों, धार्मिक स्थलों और विभिन्न संस्थानों में पूरे सम्मान और गरिमा के साथ तिरंगा फहराया गया। राष्ट्रगान, देशभक्ति गीतों और भारत माता के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। आजादी के जश्न को लेकर सुबह से ही स्कूली बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया। बच्चे अपनी स्कूल ड्रेस में विद्यालय पहुंचे और ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए। शहर के गांधी चौक, हेमू कॉलोनी चौक, अग्रसेन चौक, परशुराम चौक, सुभाष चौक, दीनदयाल चौक, खूबचंद बघेल चौक और श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक सहित विभिन्न स्थानों पर तिरंगा शान से लहराया। लोगों ने अपने घरों पर भी राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस का उत्साह मनाया।

नेवरा के बीएनबी हाई स्कूल में मुख्य अतिथि गणेश शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर एनसीसी के विद्यार्थियों ने शानदार मार्चपास्ट कर तिरंगे को सलामी दी। स्वामी आत्मानंद स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए गए। संत कंवर राम चौक पर राम पंजवानी ने ध्वजारोहण किया। जबकि दीनदयाल चोक पर गोपीचंद पंजवानी,बघेल चौक पर चौक पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर पार्षद ज्योति नागवानी ने तिरंगा फहराया, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं और आसपास के नागरिकों की मौजूदगी रही। कांग्रेस भवन में भी ध्वजारोहण कर देशभक्ति गीतों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। बांसटाल स्कूल अंबेडकर चौक, दीनदयाल चौक और हेमू कॉलोनी चौक पर भीझंडा फराया गया और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।तिल्दा-नेवरा रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक सुमन झा ने ध्वजारोहण किया। आरपीएफ थाना प्रभारी







पतीराम जानी के नेतृत्व में आरपीएफ स्टाफ ने तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी और अन्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालाइस अवसर पर ।मनीष कोटवानी,नरेश जोतवानी, कृष्णमूर्ति किट्टू, नरेश केशरवानी, गौरव अग्रवाल बंटी उपस्थित थे। रेलवे साइकिल स्टैंड में भी बांसटाल शासकीय स्कूल के बच्चों की मौजूदगी में स्टेशन मास्टर और भाजपा नेता दीपक शर्मा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। बच्चों और उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति का संदेश दिया।

### पुलिस थाना में जवानों ने दी तिरंगे को सलामी

पुलिस थाना तिल्दा-नेवरा में थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद देश के महापुरुषों और शहीद जवानों की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना की गई। पुलिस जवानों ने शानदार परेड के माध्यम से तिरंगे को सलामी दी। राष्ट्रगान के बाद थाना प्रभारी ने सभी पुलिसकर्मियों और नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### गुरुद्वारा में अरदास, देश की खुशहाली की कामना

गांवों में भी दिखा आजादी का उत्साह तिल्दा-नेवरा के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत सरोड़ा में सरपंच ने ध्वजारोहण किया। ग्राम पंचायत गुलगुल में सरपंच तेजराम ने तिरंगा फहराया। काका सहित अन्य ग्राम पंचायतों के भवनों और स्कूलों में भी ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान और देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### नगर पालिका में अध्यक्ष चंद्रकला ने फहराया तिरंगा

नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा में स्वतंत्रता दिवस का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला के नेतृत्व में तिरंगा फहराया गया। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले वीरों को नमन करते हुए नगर के विकास और स्वच्छता के लिए सभी से मिलकर काम करने का आह्वान किया। तिल्दा-नेवरा को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना हमारा संकल्प है। नगर की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। हम शहीदों के बलिदान को याद कर राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।एकता, भाईचारे और सद्भाव के साथ देश को आगे बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर नगर पालिका के पार्षद, एल्डरमेन, अधिकारी-कर्मचारी, सफाई कर्मचारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।भाई गुरमुख दास गुरुद्वारा में अमृतवेला परिवार तिल्दा द्वारा बाबा गुरमुखदास दरबार में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस दौरान वंदे मातरम, जन गण मन और छत्तीसगढ़ के राजगीत अरपा पैरी के धार का गायन हुआ। सुंदर दास पंजवानी ने स्वतंत्रता संग्राम और देश की आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम भाई साहब ललित विरानी, कृष्ण विरानी, पार्षद राजेश कोटवानी,सुंदर दास पंजवानी भीमसेन भोजवानी, रामचंद्र संतवाणी, दिलीप असवानी, कन्हैया थावरानी, दीपक निहिचलानी, मनोज विरानी, अमित कुकरेजा लालचंद बचवानी, मानिक कोडवानी, प्रकाश वरलियानी, राजकुमार जेठवानी, अविनाश, दिलीप केसवानी, जीतू लालवानी, हरीश बहेजा, सुनील चंदनानी, इंद्र तलरेजा, .हर्षा निहिच्लानी,मनोज निहिचलानी,कोमल पंजवानी, मीत खुबवानी,स्वाति खुबवानी,डिम्पल कोडवानी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस पर संयंत्र में गूंजे देशभक्ति के गीत



**बलौदाबाजार।** श्री रायपुर सीमेंट प्लांट, खपराडीह के आवासीय परिसर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। सुबह 9 बजे ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान हुआ। कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक, ग्रामीण और बांगड़ पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इकाई प्रमुख दीपेंद्र भारद्वाज ने कहा कि देश की एकता और अखंडता को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान किया। साथ ही संस्थान को सहयोग देने के लिए शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं यूनियन पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

भारद्वाज ने कहा कि शीर्ष प्रबंधन के मार्गदर्शन में सभी एकजुट होकर कार्य करें तो कंपनी को नई दिशा और ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने केसरिया, सफेद और हरे रंग के गुब्बारे आकाश में छोड़कर देशभक्ति एवं शांति का संदेश दिया।

समारोह में कर्मचारियों, बांगड़ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों और लेडीज क्लब की ओर से देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए प्रतिभागियों को दीपेंद्र भारद्वाज एवं लेडीज क्लब प्रमुख लीना भारद्वाज ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह, वी.डी. सिंह, अशोक कुमार, मानसिंह चौहान, चेतन सोमानी, मानवेंद्र सिंह, अमित चौहान, धनपत जैन, डॉ. संतोष कुमार, चेतन कपाही, रजनीश शर्मा, रितेश भोंगड़े, धर्मेंद्र कुमार सिंह, एस. राजू, लाल बहादुर, मुकेश देवांगन, मनोज कर, जोबनजीत सिंह, अजय तिवारी, नरेंद्र कश्यप सहित कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

**15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक चलेगा छत्तीसगढ़ पुलिस का राज्यव्यापी अभियान**

# साइबर अपराध के खिलाफ जंग, पुलिस ने शुरू की जागरूकता की सेल्फी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

स्वतंत्रता दिवस जिला स्तरीय समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस के राज्यव्यापी 'साइबर जागृति अभियान' का व्यापक प्रभाव देखने को मिला। 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के तहत पुलिस ने 'जागरूकता की एक सेल्फी' पहल शुरू की है, जिसके माध्यम से लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

समारोह के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ पुलिस की इस नवाचारी पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूकता और सतर्कता सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने नागरिकों से अभियान से जुड़कर साइबर सुरक्षा का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

### जिले में होंगे जागरूकता कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ पुलिस का 'साइबर जागृति अभियान' 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आम नागरिकों तक साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी पहुंचाना और डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी, फेक कॉल, ऑनलाइन ठगी सहित विभिन्न साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना है। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अभियान के तहत जिलेभर में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।





### बच्चों ने भी संभाली जागरूकता की कमान

अभियान में स्कूली बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चे 'साइबर जागृति अभियान' के पोस्टर लेकर लोगों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने का संदेश देते नजर आए। उन्होंने नागरिकों को ऑनलाइन ठगी से बचने के उपायों की जानकारी देने में भी सहयोग किया।



### सेल्फी स्टैंड बना आकर्षण का केंद्र

समारोह स्थल पर लगाया गया 'जागरूकता की एक सेल्फी' सेल्फी स्टैंड लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव राय एवं वनमंडलाधिकारी ने एक साथ सेल्फी लेकर अभियान का नेतृत्व किया और जिलेवासियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।सेल्फी बूथ और फ्लेक्स बोर्ड पर दिए गए क्यूआर कोड को नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, युवाओं, पत्रकारों एवं स्कूली बच्चों ने मोबाइल से स्कैन किया। इसके बाद जनरेट हुए साइबर अवेयरनेस फ्रेम के साथ अपनी सेल्फी लेकर उसे फेसबुक, एक्स और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया। पुलिस के अनुसार, अभियान से हजारों लोग डिजिटल माध्यम से जुड़े और साइबर सुरक्षा का संदेश सोशल मीडिया के जरिए आगे पहुंचाया।




online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR-B-56, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA-Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411